**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र-2025 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-32 का उत्तर**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
| --- | --- |
| 32- (क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-उन्नाव, तहसील-पुरवा, विकास खण्ड-हिलौली, ग्राम-बनपुरा में वृद्धावस्था पेंशन के आवेदन संख्या 313113325801 व 313113325728 के आवेदन प्राप्त हुये है? | जनपद-उन्नाव, तहसील-पुरवा, विकास खण्ड-हिलौली, ग्राम-बनपुरा में वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत आवेदन संख्या 313113325801 प्राप्त हुआ है, एवं आवेदन संख्या 313113325728 पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहा है। ग्राम बनपुरा मजरा संदाना के प्रधान व अन्य ग्रामवासियों से उक्त आवेदन के सम्बन्ध में जिला समाज कल्याण अधिकारी उन्नाव द्वारा जानकारी/जाँच की गयी, परन्तु आवेदन संख्या के आधार पर कोई भी व्यक्ति/आवेदक की पुष्टि नहीं हो सकी। |
| (ख) क्या आवेदनकर्ताओं के खातों में पेंशन भेज दी गयी है? | जी नहीं। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब? | श्रीमती मैका पत्नी श्री निरंजन सिंह के आवेदन संख्या-313113325801 को जिला स्तरीय अनुमोदन समिति से अनुमोदनोपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फाइनल फ्रीज करते हुए दिनांक 25-06-2025 को भुगतान हेतु रिवेरीफाई किया गया है, वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय त्रैमासिक किश्त माह सितम्बर-2025 के अन्त में पेंशन धनराशि हस्तान्तरित की जायेगी। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**असीम अरूण**
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)